प्राप्त शिकायत पत्र

दिनांक 22.10.2015 को बी०ए० भाग तीन के नियमित छात्रा कु० नमिता पैंकरा का पेयजल समस्या संबंधी आवेदन प्राप्त हुआ।

प्राचार्य
[illegible]
[illegible] (छ.ग.)

Page:
Date:

सेवा में,

श्रीमान प्राचार्य महोदय,
ठाकुर शोभा सिंह कॉलेज पत्थलगांव

विषय - पेयजल की समस्या हेतु आवेदन पत्र,

महोदय,

सनम्र निवेदन यह है कि मैं आपके विद्यालय का बी.ए फाइनल का विद्यार्थी हूँ। हमारे विद्यालय में उपस्थित वाटर कूलर जो पिछले कई दिनों से खराब हो गया है जिससे हम सभी विद्यार्थियों को पेयजल की अधिक समस्या हो रही है,

अतः प्राचार्य महोदय जी से निवेदन है कि अति शीघ्र कॉलेज में पेयजल की व्यवस्था करने की कोशिश करें। जिससे विद्यार्थियों को पेयजल की सुविधा हो सके।

दिनांक
22/10/2015

भवदीय
आपका आज्ञाकारी छात्रा
NAMITA PAINKRA
B. A III

प्राचार्य
ठाकुर शोभासिंह शास.महावि.पत्थलगांव
जिला-जशपुर (छ.ग.)

Received
22.10.2015

24.10.15 को
निराकृत

## महाविद्यालय समिति द्वारा कार्यवाही

दिनांक 22.10.2015 को बी०ए० भाग तीन की नियमित छात्रा कु० नमिता पैकरा की पेंशन संबंधी समस्या के आवेदन को शिकायत निवारण समिति के संज्ञान में लाया गया।

शिकायत निवारण समिति द्वारा उक्त आवेदन पर विचार करने पश्चात् महाविद्यालय के प्राचार्य को जानकारी दी गई तथा दिनांक 23.10.15 को पेंशन समस्या का निराकरण किया गया।

प्रभारी
प्रो० डी० आर० पाटले

प्राचार्य
ठाकुर शोभासिंह शास.महावि.पत्थलगांव
जिला-जशपुर (छ.ग.)

सदस्य
1. डॉ० आर० एस० कांत
2. डॉ० एस० के० मारकण्डे

## प्राप्त शिकायत पत्र

दिनांक 14-12-2015 को बीकॉम भाग एक के निम्नलिखित छात्र संजीव कुमार भगत का प्रोफेसर के साथ झगड़ा संबंधी आवेदन प्राप्त हुआ।

प्राचार्य
ठाकुर शोभासिंह शास. महावि. पत्थलगांव
जिला-जशपुर (छ.ग.)

प्रति,
श्रीमान प्राचार्य महोदय
ठाकुर शोभा सिंह शासकीय महाविद्यालय
पत्थलगाँव । जिला - जशपुर (छ॰ग॰)

विषय :- शौचालय के साफ - सफाई करवाने बाबत्
महोदय,

उक्त विषयांतर्गत लेख है कि हमारे कॉलेज के शौचालय में सफाई न होने के कारण शौचालय में गंदगी बढ़ते ही जा रही है जिससे शौचालय जाने में हमें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। शौचालय की सफाई लगातार न होने के कारण शौचालय से होने वाली गंदगी एवं बदबूदार हवा से बीमारी फैलने का खतरा रहेगा।

अत: प्राचार्य महोदय जी से निवेदन है कि कॉलेज के शौचालय की लगातार साफ-सफाई करवाने की कष्ट करें।

"धन्यवाद"

भवदीय
संजीव कुमार भगत
B·A·I

दिनांक - 14·12·2015

प्राचार्य
ठाकुर शोभासिंह शास॰ महावि॰ पत्थलगांव
जिला - जशपुर (छ॰ग॰)

Received
दिनांक 15.12.15 को
निराकृत
15/12/15

## महाविद्यालय समिति द्वारा कार्यवाही

दिनांक 14.12.2013 को बी०एस०सी० भाग-एक के नियमित छात्र संजीव कुमार भगत के कॉलेज के साफ सफाई संबंधी शिकायत पत्र आवेदन को शिकायत निवारण समिति के संज्ञान में लाया गया।

शिकायत निवारण समिति द्वारा उक्त आवेदन पर विचार करते पश्चात महाविद्यालय प्राचार्य को जानकारी दी गई तथा दिनांक 15.12.2013 को कॉलेज की साफ सफाई कराई गई व नियमित साफ सफाई करने का निर्देश महाविद्यालयीन कर्मचारियों को दी गई।

प्रभारी
प्रो० डी० आर० पाटले

प्राचार्य
[illegible]
जिला-जशपुर (छ.ग.)

सदस्य

(1) प्रो० आर० एस० कांत

(02) प्रो० एस० के० मारकोले

प्राप्त आवेदन

दिनांक 22.07.2016 को महाविद्यालय के नियमित छात्र भीमाधर या किसी गोल ने पैदल म चलने से होनेवाली परेशानी संबंधी आवेदन प्राप्त हुआ।

प्राचार्य
ठाकुर शोभासिंह शास.महावि. पत्थलगांव
जिला-जशपुर (छ.ग.)

प्रति,

श्रीमान प्राचार्य महोदय
ठाकुर शोभा सिंह शासकीय महाविद्यालय पत्थलगाँव
जिला - जशपुर (छ०ग०)

विषय :- बिजली गुल रहने एवं पंखे न चलने बाबत् ।

महोदय,

महोदय सविनय निवेदन है कि हमारे महाविद्यालय में गर्मी के दिनों में बिजली गुल हमेशा होते ही रहते हैं एवं महाविद्यालय में लगे पंखे खराब हो गये हैं जिससे गर्मी के दिनों में अध्ययन करने में दिक्कत हो रही है। महाविद्यालय में बिजली की लगातार गुल होने एवं महाविद्यालय में लगे पंखों की मरम्मत कराने की आवश्यकता है। जिससे हम सभी छात्र - छात्राओं को महाविद्यालय में गर्मी के दिनों में अध्ययन करने में समस्या न हो।

अतः महोदय जी से निवेदन है कि महाविद्यालय में हो रहे बिजली गुल एवं लगे पंखों की मरम्मत करवाने की कृपा करें।

"धन्यवाद"

भवदीय
भीमाधर
बी.ए I

दिनांक- 22.09.2016

प्राचार्य
ठाकुर शोभासिंह शास.महावि.पत्थलगांव
जिला-जशपुर (छ.ग.)

Received

दिनांक 26.09.16
को निराकृत

# महाविद्यालय समिति द्वारा कार्यवाही

दिनांक 22-09.2016 को महाविद्यालय के निम्नलिखित छात्र में आकर जो बिजली गुल रहने पंखा न चलने से होने वाली परेशानी संबंधी आवेदन को शिकायत निवारण समिति के समक्ष रखा गया।

शिकायत निवारण समिति द्वारा उक्त आवेदन पर विचार करने हेतु 24-09.2016 को बैठक आयोजित की उसे तत्काल दूर करने का निर्णय लिया गया अपने निर्णय से प्राचार्य को अवगत कराया। प्राचार्य द्वारा तुरंत कार्यवाही करते हुए 26-09.2016 को उक्त समस्या का निराकरण किया गया।

प्रभारी
प्रो० डी० आर० पाटले

प्राचार्य

सदस्य

(1) प्रो० आर० एल० कोर्ते

(2) प्रो० एस० के० मारकंडे

## प्राप्त आवेदन

दिनांक 12.01.2017 को महाविद्यालय के बी.ए. II के नियमित छात्र तुलसी पैकरा का महाविद्यालय में समाचार पत्र मंगाने संबंधी शिकायत पत्र प्राप्त हुआ।

प्राचार्य
ठाकुर शोभासिंह शास.महावि.पत्थलगांव
जिला-जशपुर (छ.ग.)

प्रति,

श्रीमान प्राचार्य महोदय
ठाकुर शोभा सिंह शासकीय मा. पत्थलगांव
जिला - जशपुर (छ.ग.)

विषय :- समाचार पत्र हेतु शिकायत पत्र ।

महोदय,

सविनय निवेदन है कि हमारे महाविद्यालय में के ग्रन्थालय में समाचार पत्र नहीं आने के कारण आने वाली समस्त सूचनाओं से वंचित रहते हैं ।

अतः श्रीमान प्राचार्य महोदय जी से निवेदन है कि ग्रन्थालय में समाचार पत्र उपलब्ध कराने की कृपा करें ।

भवदीय
तुलसी पैंकरा

दिनांक 12.01.2017

प्राचार्य
ठाकुर शोभासिंह शास. महावि. पत्थलगांव
जिला-जशपुर (छ.ग.)

दिनांक 15.01.2017 को
आवेदन का निराकरण
किया गया।

# महाविद्यालय समिति द्वारा कार्यवाही

दिनांक 12-01-2017 को महावि० के बी.ए II के नियमित छात्र तुलसी धैवरा के समाचार पत्र मंगाने संबंधी शिकायत पत्र को शिकायत निवारण समिति के संज्ञान में लाया गया।

समिति द्वारा 15-01-2017 को उक्त आवेदन पर विचार किया गया तथा महाविद्यालय में उपलब्ध समाचार पत्रों को ग्रंथालय में विद्यार्थियों के अध्ययन हेतु रखे जाने का निर्णय लिया गया। तब से सभी समाचार पत्र नियमित रूप से ग्रंथालय प्रभारी के निरीक्षण में रहता है।

प्रभारी
प्रो० टी० आर० पाटले

प्राचार्य

सदस्य

1. प्रो० आर० एस० कोत
2. प्रो० एस० के० मारकंडे

Signature

प्राप्त आवेदन

दिनांक 18.08.2017 को महाविद्यालय के बी.ए. के नियमित विद्यार्थी प्रयागराज को वाहनों की सुरक्षा हेतु आवेदन महाविद्यालय के प्राचार्य को प्राप्त हुआ।

प्राचार्य
ठाकुर शोभासिंह शास.महावि.पत्थलगांव
जिला-जशपुर (छ.ग.)

प्रति,

श्रीमान प्राचार्य महोदय
ठाकुर शोभा सिंह शासकीय महाविद्यालय पत्थलगांव
जिला - जशपुर (छ०ग०)

विषय :- महाविद्यालय में वाहनों की सुरक्षा हेतु ।

महोदय,

सविनय निवेदन है कि हमारे महाविद्यालय के कैम्पस में विद्यार्थियों का वाहन स्थित रहता है, जिसको बाह्य असामाजिक तत्व आ कर छेड़ -छाड़ करते रहते हैं। जिससे विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के समस्याओं का सामान करना पड़ता है।

अतः श्रीमान प्राचार्य महोदय जी से निवेदन है कि वाहनों की सुरक्षा के लिए उचित कार्यवाही करने की कृपा करें।

दिनांक :- 18.08.2017

प्राचार्य
ठाकुर शोभासिंह शास.महावि.पत्थलगांव
जिला-जशपुर (छ.ग.)

प्रिं. 18 08 2017

भवदीय
प्रयाग राज
B.A. III

Page
Date

महाविद्यालय द्वारा कार्यवाही

दिनांक 15.08.2017 को महावि० के निर्मित छात्र। प्रयागराज के वाहनो के सुरक्षा संबंधी आवेदन समिति के समक्ष विचारार्थ रखा गया।

उक्त आवेदन पर विचार करते हुये सभी विद्यार्थियों के अपने वाहनों को महाविद्यालय परिसर में इधर उधर व कॉलम में रखने व महाविद्यालय में बनी वाहन स्टैण्ड में रखने का निर्देश जारी किया गया।

प्रभारी
प्रो० डी०आर० पाटले

प्राचार्य
ठाकुर शोभासिंह शास.महावि.पत्थलगांव
जिला-जशपुर (छ.ग.)

सदस्य

(1) प्रो० आर० एस० कोल Amarjit

(2) प्रो० एस० के० भारद्वाज

प्राप्त आवेदन

दिनांक 19.09.2017 को महाविद्यालय के नियमित छात्र B.A. II दीपक कुजुर का ग्रन्थालय से शीघ्र ही पुस्तक उपलब्ध कराने का आवेदन प्राचार्य को प्राप्त हुआ।

प्राचार्य
ठाकुर शोभासिंह शासकीय महाविद्यालय पत्थलगांव
जिला-जशपुर (छ.ग.)

प्रति,

श्रीमान् प्राचार्य महोदय
ठाकुर शोभा सिंह महाविद्यालय पत्थलगाँव
जिला जशपुर (छ.ग.)

विषय – महाविद्यालय के ग्रन्थालय से पुस्तक उपलब्ध कराने हेतु।

महोदय,

महोदय, सविनय निवेदन है कि हमारी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण हम महाविद्यालय के पाठ्य पुस्तक खरीद कर अध्ययन करने में असमर्थ है। पाठ्य पुस्तक नहीं होने के कारण हम अध्ययन करने से वंचित हो गये है। जिससे हमारी पढ़ाई नहीं हो पा रही है।

अतः महोदय जी से निवेदन है कि महाविद्यालय में ग्रंथालय में पुस्तक उपलब्ध कराने की महान कृपा करें।

धन्यवाद

रिमार्क 20/11 किताब लाइब्रेरी
भवदीय
दीपक ठाकुर
19.04.2017

प्राचार्य
ठाकुर शोभासिंह शास.महावि. पत्थलगांव
जिला-जशपुर (छ.ग.)

# महाविद्यालय समिति द्वारा कार्यवाही

दिनांक 19.09.2017 को महावि० के B.A. II के नियमित छात्र दीपक ठाकुर का ग्रंथालय से शीघ्र पुस्तक उपलब्ध कराने संबंधी आवेदन प्राचार्य को प्राप्त हुआ. प्राचार्य इस आवेदन को विचार हेतु शिकायत निवारण समिति को प्रस्तुत किया।

"शिकायत निवारण समिति द्वारा उसके आवेदन पर विचार हेतु 20.09.2017 को बैठक प्राचार्य की अध्यक्षता में आयोजित किया तथा 22.09.2017 से सभी विद्यार्थियों को पात्रतानुसार पुस्तक उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया।

प्रभारी
प्रो० डी०आर० पाटले

प्राचार्य
ठाकुर शोभासिंह शास. महाविद्यालय पत्थलगांव
जिला-जशपुर (छ.ग.)

सदस्य
1. प्रो० आर० एस० कोते
2. प्रो० एस० के० मारकंडे

# प्राप्त आवेदन

दिनांक 04.09.2018 को महाविद्यालय के बी.ए. I के नियमित छात्रा कु० गुलाबी को गैर विद्यार्थियों के प्रवेश से होने वाली समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त हुआ।

प्राचार्य
ठाकुर शोभासिंह शास.महावि.पत्थलगांव
जिला–जशपुर (छ.ग.)

प्रति,

श्री मान प्राचार्य महोदय
ठाकुर शोभासिंह शासकीय महाविद्यालय पत्थलगांव
जिला- जशपुर (छ.ग.)

विषय:- महाविद्यालय में गैर विद्यार्थियों के प्रवेश हेतु

महोदय,

सविनय निवेदन है कि महाविद्यालय में गैर विद्यार्थियों के प्रवेश होने के कारण महाविद्यालय के वातावरण खराब हो रहा है। जिससे महाविद्यालयीन के विद्यार्थियों को अध्ययन करने में समस्या हो रही है एवं महाविद्यालय में प्रवेशित विद्यार्थियों की आई.डी कार्ड/बैच बनाया जाए और बिना आई.डी कार्ड/बैच के विद्यार्थियों को महाविद्यालय में प्रवेश नहीं दिया जाये।

अतः श्री मान प्राचार्य महोदय जी से निवेदन है कि महाविद्यालय में गैर विद्यार्थियों के प्रवेश पर रोक लगाने हेतु उचित कार्यवाही करने की कृपा करें।

दिनांक 04/09/2018

प्राचार्य
ठाकुर शोभासिंह शास.महावि.पत्थलगांव
जिला-जशपुर (छ.ग.)

दिनांक 06/09/2018 को निराकृत

भवदीय
कु० गुलापी
B.A I

## महाविद्यालय समिति द्वारा कार्यवाही

दिनांक 04-09.2018 को महावि० के नियमित छात्रा बी.A.I कु० सुलोचना के गैर विद्यार्थियों के प्रवेश से होने वाली परेशानी संबंधी शिकायत प्राचार्य को प्राप्त हुआ था।

कु० सुलोचना की शिकायत पर विचार करने हेतु दिनांक 06-09.2018 को प्राचार्य की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि महावि० के सभी कक्षा के नियमित छात्र/छात्राएं प्रतिदिन महावि० द्वारा जारी परिचय पत्र लगाकर ही प्रवेश कर सकते हैं बिना परिचय पत्र के बाहरी छात्रों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई।

(प्रभारी)
प्रो० डी०आर० चाटले

प्राचार्य
ठाकुर शोभासिंह शासकीय महाविद्यालय
जिला-जशपुर (छ.ग.)

सदस्य

(1) प्रो० आर० एस० कोल

(2) प्रो० एस० के० मारकंडे

## प्राप्त आवेदन

दिनांक 10.10.2018 को महाविद्यालय के छात्र/छात्रा के निमित्त छात्र प्रदीप टोप्पो का खेल सामग्री उपलब्ध कराने संबंधी शिकायत पत्र प्राचार्य को प्राप्त हुआ।

प्राचार्य
ठाकुर शोभासिंह शास. महाविद्यालय पत्थलगांव
जिला-जशपुर (छ.ग.)

प्रति,

श्रीमान् प्राचार्य महोदय
ठाकुर शोभा सिंह शासकीय महाविद्यालय पत्थलगांव
जिला - जशपुर (छ. ग.)

विषय :— महाविद्यालय में खेल सामग्री उपलब्ध कराने बाबत्

महोदय,

महोदय सविनय निवेदन है कि हमारे महाविद्यालय में किसी भी प्रकार की खेल सामग्री नही है, जिससे हम सभी छात्र- छात्राएं किसी भी प्रकार के खेल प्रतियोगिता में भाग लेने से वंचित रह जाते है एवं खेल के प्रति जागरूकता नही हो पा रही है। महाविद्यालय में खेल सामग्री उपलब्ध होने पर हम सभी छात्र-छात्राएं खेल के प्रति जागरूक हो पायेंगे। महाविद्यालय में खेल संबंधी सामग्री होने पर हम सभी छात्र-छात्राएं खेल प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे।

अतः महोदय जी से निवेदन है कि महाविद्यालय में खेल सामग्री उपलब्ध कराने की कृपा करें।

दिनांक :- 10/10/2018

निराकृत 12/10/18

प्राचार्य
ठाकुर शोभासिंह शास.महावि.पत्थलगांव
जिला-जशपुर (छ.ग.)

भवदीय
प्रदीप टोप्पो
B-A I

# महाविद्यालय समिति द्वारा कार्यवाही

दिनांक 10.10.2018 को महाविद्यालय के B.A. II के नियमित छात्र प्रदीप सेठिया को खेल सामग्री उपलब्ध कराने संबंधी आवेदन प्राचार्य को प्रस्तुत किया।

प्राप्त आवेदन पर विचार करने हेतु दिनांक 12.10.2018 को आवश्यक बैठक आयोजित की। पात्रतानुसार महाविद्यालय में उपलब्ध खेल सामग्री छात्र / छात्राओं को उपलब्ध कराने पर विचार किया गया।

प्रभारी
प्रो० डी० आर० पाटले

प्राचार्य
ठाकुर सोभासिंह शास. महाविद्यालय पत्थलगांव
जिला-जशपुर (छ.ग.)

सदस्य

(1) प्रो० आर० एस० कोत

(2) प्रो० एस० के० मारकण्डे

Date

प्राप्त आवेदन

दिनांक 17.08.19 को महावि० के नियमित छात्रा B.A. I कु० अनुपा सिदार को मोबाईलकॉलिंग होने की शिकायत व सूचना महाविद्यालय प्राचार्य को प्राप्त हुआ।

प्राचार्य
ठाकुर शोभासिंह शास.महावि. पत्थलगांव
जिला–जशपुर (छ.ग.)

प्रति
श्रीमान प्राचार्य महोदय,
ठाकुर शोभा सिंह शासकीय महाविद्यालय पत्थलगांव
जिला जशपुर (छ. ग.)

विषय;- महाविद्यालय में मोबाइल चोरी होने के कारण शिकायत पत्र।

महोदय,

सविनय निवेदन है कि ठाकुर शोभा सिंह शासकीय महाविद्यालय पत्थलगांव में हर रोज किसी न किसी का मोबाइल चोरी हो रहा है। जिससे विद्यार्थियों को बहुत हानि का सामना करना पड़ रहा है।

अतः श्रीमान प्राचार्य महोदय जी से निवेदन है कि चोरी की घटना को नियंत्रण करने की कृपा करें।

दिनांक:- 17.08.19

दिनांक 19/08/19 को निराकृत

आवेदिका
ANUPA SIDAR
B.A I

प्राचार्य
ठाकुर शोभासिंह शास महावि पत्थलगांव
जिला-जशपुर (छ.ग.)

## महाविद्यालय समिति द्वारा कार्यवाही

दिनांक 17.08.2019 को कु० अनुपा सिदार B.Ed का मोबाईल गुम होने की शिकायत पत्र प्राचार्य को प्राप्त हुआ।

कु० अनुपा सिदार के मोबाईल कहीं गुम होने संबंधी शिकायत पर दिनांक 18.08.2019 को बैठक आयोजित कर सभी छात्र/छात्राओं के मध्य सूचना प्रसारित करने का निर्णय लिया गया। दिनांक 19.08.2019 तक चोरी हुए मोबाईल के संबंध में कोई भी जानकारी नहीं मिली, चूंकि छात्रा को मोबाईल कहां खोयी हुई यह बताने में (कहीं रास्ते में, बस में, या कॉलेज में) असमर्थ रही ऐसी स्थिति में आवेदिका को निकटतम थाने में FIR कराने का सलाह दिया गया।

(प्रभारी)
प्रो० डी०आर० पाटले

प्राचार्य
ठाकुर शोभासिंह शास. महावि. पत्थलगांव
जिला-जशपुर (छ.ग.)

सदस्य

(1) प्रो० आर० एन० कांत

(2) प्रो० एस० के० मारकोले

दिनांक 18.05.2020 को महावि० के नियमित छात्रा बी.ए.II कु० सुकोमी द्वारा रु. 5000 के चोरी हो जाने संबंधी शिकायत प्राप्त हुआ।

प्राचार्य
ठाकुर शोभासिंह शास.महावि.पत्थलगांव
जिला-जशपुर (छ.ग.)

प्रति

श्रीमान् प्राचार्य महोदय
ठाकुर शोभा सिंह शासकीय महाविद्यालय पत्थलगांव
जिला - जशपुर (छ.ग.)

विषय :- महाविद्यालय में पैसे की चोरी होने के कारण शिकायत पत्र |

महोदय

सविनय निवेदन है कि ठाकुर शोभा सिंह शासकीय महाविद्यालय म पत्थलगांव के B.A. I की छात्रा मैं कु. शिकान्ती जी कि कॉलेज से मेरा 5000 रु. किसी कॉलेज के ही किसी विद्यार्थियों द्वारा चोरी कर लिया गया | जिससे हम विद्यार्थियों को बहुत हानी का सामना करना पड़ रहा है |

अतः श्रीमान प्राचार्य महोदय जी से निवेदन है कि चोरी की घटना को नियंत्रण करने की कृपा करें |

दिनांक 18.04.2020

Rec'd 18/04/2020
कु. शिवकुमार

भवदीय
रुकांती सिदार
B.A. II

प्राचार्य
ठाकुर शोभासिंह शास.महावि.पत्थलगांव
जिला–जशपुर (छ.ग.)

# महाविद्यालय समिति द्वारा कार्यवाही

दिनांक 18.04.2020 को महावि० के नियमित बी.ए. II छात्रा कु० सुकांती द्वारा परीक्षा के दौरान बाहर रखे बैग से रु० 500 के चोरी होने की सूचना लिखित में प्राचार्य को दिया गया।

उक्त मामले पर तुरन्त कार्यवाही हेतु महावि० के कक्षों में लगे CCTV फुटेज की जांच की गई जिसमें उसी कक्षा के एक छात्रा को बैग उठाते हुये कैमरे में देखा गया। महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा उक्त छात्रा को फोन द्वारा सम्पर्क किया गया तथा छात्रा को तुरंत महावि० उपस्थित होने कहा गया। प्राचार्य के निर्देश पर छात्रा तुरंत उपस्थित हुई व बात गलती से अपने बैग के धोखे से ले जाने की ~~बात~~ आग्रहपूर्वक कही। छात्रहित को ध्यान में रखते हुये कु० सुकांति से क्षमा याचना करने व उनके रु० 500 लौटाने का निर्देश दिया गया। छात्रा द्वारा कु० सुकांती के बैग व उसमें रखे रु० 500 विनम्रतापूर्वक वापस कर दी।

इस तरह यह मामला महावि० स्तर पर सुलझाने का प्रयास सफल रहा।

प्रभारी
प्रो० डी० आर० पाटले

प्राचार्य
ठाकुर शोभासिंह शास० महावि० पत्थलगांव
जिला-जशपुर (छ.ग.)

सदस्य

(1) प्रो० आर० एस० कौत

(2) प्रो० एस० के० मारकण्डे

Signature